विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री शाहनवाज खान, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-18 का उत्तर

प्रश्न	उत्तर
18- (क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम विकास) बतायेंगे कि ग्राम रोजगार सेवको का मानदेय जो पिछले आठ महीने से उन्हें नहीं मिला हैं वो कब तक मिल जायेगा जिससे वो अपने परिवार का भरण पोषण कर सके?	जी हाँ, मनरेगा योजना एक केन्द्र पोषित योजना है। मनरेगा योजनान्तर्गत कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों के मानदेय का भुगतान प्रशासनिक मद की धनराशि से किया जाता है। प्रशासनिक मद की शत-प्रतिशत धनराशि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अवमुक्त की जाती है। प्रशासनिक मद में पूर्व में स्वीकृत धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र प्रेषित करते हुए प्रशासनिक मद में धनराशि की स्वीकृति का अनुरोध ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार से किया गया है। भारत सरकार से प्रशासनिक मद की धनराशि प्राप्त होते ही ग्राम रोजगार सेवकों के मानदेय के भुगतान हेतु जनपदों को धनराशि उपलब्ध करा दी जायेगी।
(ख) यदि हां, तो कब तक?	उपरोक्तानुसार।
(ग) यदि नहीं, तो क्यों?	उपरोक्तानुसार।

केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री।